# लाखों की चोरी की हकीकत क्या, मात्र दिखावा या फिर सच में चोरी हुई...?

## न पुलिस ने जांच में रुचि दिखाई, न नगर परिषद ने एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया

**सुसनेर, 6 अगस्त. नगर परिषद सुसनेर के कार्यालय से लाखों रुपए की एलइडी लैंप व अन्य सामान के चोरी हो जाने के मामले में नगर परिषद ने आवेदन देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली, तो पुलिस ने आवेदन लेकर उसे रद्दी की टोकरी में डाल दिया.**

24 घंटे से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मामले की जांच में कोई रुचि नहीं दिखाई. इससे सवाल उठ रहे हैं कि परिषद के लाखों रुपए के सामान की चोरी की हकीकत क्या है. परिषद ने केवल आवेदन देकर मामले को ठंडा करने का प्रयास किया है. एफआईआर क्यों नहीं दर्ज कराई. इस सवाल का जबाव देने के लिए कोई भी जिम्मेदार तैयार नहीं है. परिषद के सीएमओ ओपी नागर ने लिखित शिकायती आवेदन थाना प्रभारी केसर राजपूत को दिया है और प्रकरण दर्ज करने की मांग की है.



इस वेंटिलेशन के जरीए चोरो के अंदर घुसने की बात सामने आ रही है

### 500-600 एलईडी लैम्प हुए चोरी...

सीएमओ ने आवेदन में 500 से 600 एलईडी लैंप व कई अन्य सामान चोरी होना बताया है. चोरों ने नगर परिषद कार्यालय के पिछले हिस्से से वेंटिलेशन के जरिए स्टोर रूम में घुसकर के इस वारदात को अंजाम दिया है. जिस वेंटिलेशन के जरिए चोरी की वारदात होना बताई जा रही है. उसमें से इतने सारे सामान को निकालने के लिए 3 से 4 घंटे का समय चाहिए.

### परिषद कार्यालय में चौकीदार भी रहता है

परिषद के आसपास आवासीय क्षेत्र है. परिषद कार्यालय के अंदर चौकीदार रहता है. दोनों में किसी ने भी इस घटना को नहीं देखा है. जबकि परिषद के पिछले हिस्से में ट्रैक्टर के आने-जाने के निशान मौजूद हैं, तो क्या चोर ट्रैक्टर में भरकर सामान ले गए हैं.

### 3 तारीख को हुआ भुगतान, 4 को चारी हुई

सूत्रों का दावा है कि परिषद के जिम्मेदारों ने 3 अगस्त को कुछ विद्युत खरीदी से जुड़े बिलों का भुगतान किया है. उसके बाद 4 अगस्त की रात्रि में चोरी हो जाना संदेह को जन्म दे रहा है कि कहीं बिना खरीदी किए बिलों का भुगतान तो नहीं किया है तथा चोरी होना बताकर सामान को गायब होना तो नहीं बताया जा रहा है. चोरी का खुलासा होने के 24 घंटे बाद भी किसी ने मामले की तह तक जाने का प्रयास भी शुरू नहीं किया है. इससे इस चोरी को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं.

**इनका कहना है**

*नगर परिषद सीएमओ ने आवेदन दिया है, जिसमें बताया गया है कि 500 से 600 नई पुरानी एलईडी लैम्प और अन्य सामान चोरी हुआ है. आवेदन पर जांच की जा रही है.*

***- केसर राजपूत, थाना प्रभारी, सुसनेर***

## एक नजर में

### आज होगा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस रोजगार मेला

**शाजापुर, 6 अगस्त.** शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय शाजापुर द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति शासकीय महाविद्यालय मक्सी में 7 अगस्त को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की संभावित नियोजक कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया लि. इन्दौर, आईपीएस ग्रुप आयशर प्रालि. देवास, नवभारत फर्टिलाईजर भोपाल, चेतन्य इडिया फिन क्रेडिट इन्दौर, हेलपेरा प्रालि. उज्जैन, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील प्रालि. देवास, वर्धमान फेब्रिक्स बुदनी, भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर आदि कंपनियों के द्वारा सेल्स मेन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशन, सहायक, हेल्पर, एक्जीक्यूटिव फिल्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त लगभग 300 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगें. रोजगार मेले में 8वी, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक की आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं. इसके साथ ही आवेदको को कॅरियर काउंसिलिग के माध्यम से मनोवैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञों के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा.

### बैंक ने थाने में भेंट की आवश्यक सामग्री



**मोहन बड़ोदिया, 6 अगस्त.** सामाजिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड ग्रामीण कोटा बैंक मोहन बड़ोदिया द्वारा बुधवार को मोहन बड़ोदिया थाने को 10 बेरीगेट्स, 5 अलमारी की रैक, 3 टेबल और 1 अलमारी भेंट की गई. बैंक के शाखा प्रबंधक शुभम गुर्जर ने बुधवार दोपहर 3 बजे बताया कि बैंक द्वारा समय-समय पर सामाजिक संस्थाओं जैसे हॉस्पिटल, थाना सहित आदि जगहों पर बैंक द्वारा आवश्यकतानुरूप सामग्रियां भेंट की जाती है. इस दौरान मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास को भी पौधे भी भेंट किए गए. इस मौके पर एरिया मैनेजर जितेंद्र वर्मा, ब्रांच मैनेजर शुभम गुर्जर, सहायक शाखा प्रबंधक दीपक वर्मा सहित बैंक स्टाफसे सोनू वर्मा, विशाल मेवाड़ा, सचिन धनगर, लखन वर्मा, सुमित मौर्या, शुभम परिता, कृष्णपाल, अंकित कुमार, संजय गुर्जर और मोहन बड़ोदिया थाना स्टाफ मौजूद रहा.

### छात्रावास में प्रवेश की कार्यवाही 15 तक पूर्ण करें

**शाजापुर, 6 अगस्त.** अनुसूचित जाति विकास उज्जैन संभागीय उपायुक्त द्वारा गत दिवस शाजापुर में अधीक्षकों की बैठक लेकर छात्रावासों के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन एवं स्वीकृत सीट पर शतप्रतिशत प्रवेश की कार्यवाही 15 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए. जनजातीय कार्य विभाग शाजापुर जिला संयोजक श्रीमती मीना मंडलोई ने बताया कि जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास उज्जैन संभाग उज्जैन संभागीय उपायुक्त द्वारा विगत 4 अगस्त को शाजापुर में छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली गई थी. संभागीय उपायुक्त ने जिले में छात्रावास में स्वीकृत के विरूद्ध शतप्रतिशत प्रवेश की कार्यवाही 15 अगस्त तक पूर्ण कर छात्रो को ऑनबोर्डिंग किये जाने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने जिन छात्रावासों में शतप्रतिशत सीट पूर्ति नहीं होती है उन अधीक्षको के विरूद्ध अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही करने, छात्रावास में मेन्यू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधा छात्रों को दिए जाने के निर्देश भी दिए.

### पौधारोपण कर किया स्वच्छता जागरूकता के लिए श्रमदान

**शाजापुर, 6 अगस्त.** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के मार्गदर्शन में पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित एवं कायाकल्प करने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में स्थित न्यायालय वाटिका एवं जिला न्यायालय परिसर में पंच-ज अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पंच-ज अभियान के अंतर्गत जन, जंगल, जल, जमीन एवं जानवर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 6 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे से जिला न्यायालय शाजापुर स्थापना के सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण के सहयोग से पौधारोपण कर, श्रमदान करवा कर अनूठी पहल की गई. जिला न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में पेशी पर उपस्थित होने वाले पक्षकार पेड़ों की छाव में विश्राम करते हैं. न्याय वाटिका को स्वच्छ बनाने तथा पक्षकारों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से कूड़ा करकट, उबड़-खाबड़ जमीन के पत्थर उठवाकर एवं साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया. प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ने स्वयं सर्वप्रथम हाथ में फावड़ा तगारी लेकर सफाई की और सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया.

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**शाजापुर, 6 अगस्त.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कृषक शंकरलाल पिता हेमराज परमार निवासी ग्राम मुगोद की 14 अक्टूबर 2022 को सोयाबीन की फसल की थ्रेसिंग करते समय कृषि कार्य थ्रेसिंग मशीन में हाथ आ जाने के कारण मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 की कण्डिका 02(1) में वर्णित प्रावधान के तहत मृतक के निकट्तम वारिस पत्नी श्रीमती रेखा बाई के लिए 4 लाख ररुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है.

### 11 प्रतिष्ठानों की जांच, 14 घरेलू सिलेंडर जब्त

**शाजापुर, 6 अगस्त.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार 6 अगस्त को नगर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक दुरुपयोग के रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा 11 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई. जांच दल द्वारा बस स्टैंड स्थित अशोक रेस्टोरेंट, ऋतुराज रेस्टोरेंट, आनंद भोजनालय, मां कृपा रेस्टोरेंट, महाकाल रेस्टोरेंट, दुपाड़ा रोड स्थित आनंदम रेस्टोरेंट, होटल निलेश, करेडी नाका स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट, गुरूकृपा रेस्टोरेंट तथा हाईवे रोड टुकराना जोड स्थित हाईवे प्राईड एवं श्री बालाजी रेस्टोरेंट प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया. जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजू मरावी, देवेन्द्र प्रताप शर्मा, रविन्द्र सिंह राठौर, योगेश राणावत आदि शामिल थे.

## राजपाठ बचाने के लिए खादी की शरण में 'राजकुमार'

**बात शाजापुर की**

मनोज पुरोहित

मलाईदार विभागों में पदस्थ राजकुमार बनकर राज कर रहे थे, लेकिन इसी बीच साहब की बदली की चिट्ठी आई.वैसे तो तबादला, बदली, स्थानांतरण प्रक्रिया है, लेकिन साहब की बदली के आदेश आते ही खादी की शरण में पहुंच गए साहब. दुहाई दे रहे हैं एक खादी की दूसरी खादी से बुराई करके अपनापन बताने का चालीसा पढ़ा जा रहा है. क्योंकि जहां उनकी बदली हुई है, वहां हो सकता है कि इतनी मलाई न मिले. क्योंकि शाजापुर जिला अधिकारियों की आवभगत के मामले में अव्वल है. अधिकारी भी मीठा बोलकर रजाई ओढ़कर घी पीते हैं. अब इस बार उनकी रजाई को खतरा हो गया. क्योंकि यहां उन के पास कई विभागों का प्रभार था और रेनकोट पहनकर वे शाही स्नान कर रहे थे. लक्ष्मी दर्शन की भी भरपूर आवक थी, लेकिन साहब के तबादले की चिट्ठीआते ही साहब व्याकुल और बेचैन हैं. अब वे किसी को भाई साहब बोल रहे हैं, तो किसी को भैया बता रहे हैं. अब देखना यह है कि खादी की शरण में आने के बाद साहब बहादुर की बदली रुकती है या फिर नए गंतव्य पर उन्हें रवाना कर दिया जाता है. हालांकि नया गंतव्य उन्हें रास नहीं आ रहा है. क्योंकि यहां वे प्रशासनिक सियासत में राजकुमार की हैसियत रखते थे. इनका राजपाठ (बदली) शाजापुर से खत्म हो गया है. अब राजपाठ याने बदली बचाने के लिए वे खादी के महाराजाओं की चौखट पर सजदा कर रहे हैं. अब देखना है कि उनके इस सजदे से उन्हें राजपाठ मिल पाता है या फिर शाजापुर से उनका दाना-पानी खत्म हो जाता है.

**कांग्रेस के राजकुमार का हो सकता है कभी भी ऐलान**

कांग्रेस के नए राजकुमार याने जिलाध्यक्ष का कभी भी ऐलान हो सकता है. सूची लगभग तैयार है. अब देखना यह है कि शाजापुर को इस बार कांग्रेस का कोई नया राजकुमार मिलता है या फिर पुराने ही युवराज को कमान मिलती है. संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर एक सप्ताह तक प्रभारी का दौरा हुआ. अब जिलाध्यक्ष की ताजपोशी का नाम प्रभारी की कलम से निकलता है या फिर क्षत्रप नेताओं की बगल से.

**यहां सेनापति और महामंत्री के लिए बेचैनी**

भाजपा के राजकुमार रवि पांडे बन चुके हैं. अब उन्हें अपनी सेना याने कार्यकारिणी के सैनिक चुनना है. उनकी सेना में महामंत्री बनने के लिए लंबी फेहरिस्त है. पुराने महामंत्री और भाजपा के पुराने सैनिकों का विदाई समारोह सम्पन्न हो गया. अब नए महामंत्री और पांडे की सेना के सेनापति, दरबारी, संदेशवाहक को लेकर कई दावेदार हैं. अब देखना यह है कि भाजपा के राजकुमार रवि पांडे के दरबार में किसे क्या दायित्व मिलता है.

**सावन को जाने दो, गणेश जी को आने दो...**

दिवाली तक चंदे का जोर रहेगा. अब सावन को जाने दो और गणेश जी को आने दो. फिर गणेश जी को जाने दो, नवरात्रि को आने दो. बस बीच में श्राद्ध पक्ष में ही चंदे से राहत मिलेगी. अगर इस बार कोई किसी के तर्पण के लिए कोई नया आयोजन ले आए, तो बात अलग है, लेकिन अधिकारियों को चंदे का बोझ दिवाली तक सहन करना पड़ेगा.

**अंत में...**

मेहनत से घबराता है, चापलूसी से मोहब्बत करता है. अक्सर हक-हलाल की बात करने वाला ही दूसरों का हक मारता है.

## कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

### जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया क्षेत्र के ग्रामों का किया भ्रमण

**मोहन बड़ोदिया, 6 अगस्त. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को ग्राम निपानिया करजू में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन के कक्षों का बारीकी से निरीक्षण कर भवन में कमियां को दुरुस्त करने के लिए कहा.**



कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम निपानिया करजू में कृषक संतोष अंबावतिया के खेत पर जैविक पद्धति से उगाई जा रही मक्का, मूंगफली, मूंग, अरहर, सोयाबीन की मिश्रित फसलों को देखा. कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को जैविक पद्धति से उगाई जा रही फसलों के प्रचार-प्रसार करने के लिए अन्य किसानों को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए. ग्राम निपानिया करजू में कलेक्टर ने प्रगतिशील कृषक बालमुकुंद अंबावतिया द्वारा बनाए जा रहे जैविक केचुआ खाद इकाई का निरीक्षण किया तथा कृषक को कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर वितरित चाफ कटर मशीन का अवलोकन किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने आंगनवाड़ी केन्द्र में बनाई गई पोषण वाटिका तथा निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन व पेयजल योजना का भी निरीक्षण किया. इसके उपरांत कलेक्टर ने ग्राम निपानिया करजू तथा ग्राम मांगलिया में मनरेगा योजना के तहत निर्मित खेत तालाब का निरीक्षण किया. ग्राम बरनावद में कलेक्टर सुश्री बाफना ने जलप्रदाय योजना का निरीक्षण कर पेयजल टंकी के चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण का कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए. साथ ही कलेक्टर ने जलप्रदाय योजना के अधूरे कार्यों को तत्काल पूर्ण कर योजना को हस्तांतरित करने के लिए कहा. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया सीईओ अमृतराज सिसोदिया, मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. राजेश रुहेला, उपसंचालक कृषि आरएल जामरे, निपानिया करजू के सरपंच घासीराम भिलाला, पंचायत सचिव दिनेश टेलर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे.

### रक्षाबंधन पर बंदियों से मुलाकात की सुविधा

**शाजापुर, 6 अगस्त.** जिला जेल शाजापुर में निरूद्ध बंदियों को 9 अगस्त को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उनकी बहनों से मिलने एवं रक्षासूत्र बांधने के लिए जिला जेल शाजापुर परए केवल इच्छुक बहनों एवं उनके साथ पांच वर्ष के कम उम्र के बच्चों को उनके द्वारा पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर विशेष मुलाकात की सुविधा राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक दी जाएगी. जिला जेल शाजापुर जेल अधीक्षक दुष्यन्त कुमार पगारे ने बताया कि बहनों को राखी के लिए चना-चिरोंजी, मिश्री, फूटा हुआ नारियल तथा कंकू चावल जेल के अंदर लाने की छूट रहेगी तथा जेल के अंदर 15 मिनट के लिए प्रवेश दिया जाएगा.

## गर्ल्स कॉलेज में किया पौधारोपण




**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कॉलेज स्टाफ और छात्राओं ने रोपे पौधे**

**शाजापुर, 6 अगस्त. किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार बुधवार को इको क्लब के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस आयोजन में इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए साथ ही उनके संरक्षण की शपथ ली. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पी मूंदड़ा, जेपी माथुर, अनिल कुमार नागर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, आदित्य सक्सेना, नरेंद्र कुमार भाटी, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. ऋचा सक्सेना, डॉ. रितेश महाड़िक, डॉ.कपिल जाटव, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शबाना कुरैशी, इको क्लब प्रभारी नीतेश गुप्ता, विजय सिंह विश्वकर्मा, शंकरलाल कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही.

## ई-केवायसी नहीं कराने पर पेंशन होगी होल्ड

**शाजापुर, 6 अगस्त. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभागांतर्गत संचालित समस्त पेंशन योजनाओं के शाजापुर जिले के हितग्राही लगभग 75666 हितग्राहियों में से 3701 पेंशन हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापना नहीं हो पाया है. शासन की योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाए जाने के लिए समस्त हितग्राहियों का ईकेवासी होना अनिवार्य हैं.**

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग सुश्री नेहा गंगारे ने जिले की सभी जनपद पंचातयों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से कहा है कि शेष हितग्राहियों की 31 अगस्त 2025 तक अभियान चलाकर ई-केवायसी कराएं. समस्त हितग्राहियों द्वारा निर्धारित तिथि तक यदि ई-केवायसी नहीं कराई गई, तो पेंशन होल्ड कर दी जाएगी. 31 अगस्त 2025 के बाद यदि पेंशन होल्ड किए गए किसी हितग्राही द्वारा पेंशन शुरू करने की मांग की जाती है, तो यह ई-केवायसी के पश्चात ही संभव होगा.

### 2 वाहनों से 6000 रुपए वसूले

**शाजापुर, 6 अगस्त.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश अनुसार परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर, दुपाड़ा क्षेत्र में स्कूली वाहन बस, मैजिक आदि वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी गेट कैमरा आदि चेक किए गए. 2 वाहनों से 6000 रुपए शमन शुल्क राशि वसूल की गई.

**एक नजर में** न्यायालय में पेश नहीं होने पर जारी हुआ था स्थाई वारंट

## 3 साल से फरार था बलात्कार का आरोपी, पुलिस के हत्थे चढ़ा

**मोहन बड़ोदिया, 6 अगस्त. मोहन बड़ोदिया पुलिस को 3 साल से बलात्कार के अपराध में फरार चल रहे स्थाई वारंटी भूपेन्द्र पिता गोकुल सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम देवरीमुल्ला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है.**



पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, गोपाल सिंह चौहान एसडीओपी अनुभाग शाजापुर के नेतृत्व में स्थाई वारंटियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है. उक्त अभियान के पालन में थाना क्षेत्र के स्थाई वारंटियों को पकड़ने हेतु थाना प्रभारी मोहन बड़ोदिया प्रेमकिशोर व्यास के नेतृत्व में टीम गठित की गई. जिसमें उनि कैलाश नारायण यादव, प्रआर. जगदीश दांगी, आरक्षक अर्जुन बागड़ी, रामेश्वर दांगी, शिवचरण दांगी, जीवन सिंह, नितेश जायसवाल, सुरेश राठौर मुखबीर की सूचना पर रवाना होकर देवरीमुल्ला पहुंचे, जहां गांव के रास्ते पर पुलिया पर एक आदमी बैठा हुआ मिला, जो पुलिस को देखकर भागा. जिसे घेराबंदी कर पकड़ा व नाम पता पुछते उसने अपना नाम भूपेन्द्र पिता गोकुल सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम देवरीमुल्ला का होना बताया, जो कि 3 साल से बलात्कार के अपराध में फरार स्थाई वारंटी होना पाया जाने पर मौके से ही गिरफ्तार किया गया.

### तीन साल से फरार था आरोपी...

उक्त आरोपी थाना मोहन बड़ोदिया के 03 साल पुराने बलात्कार के अपराध में फरार चल रहा था एवं माननीय न्यायालय शाजापुर के समक्ष पेश नहीं होने से न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी का स्थाई वारंट जारी किया गया था. उक्त स्थाई वारंटी तीन साल से फरार चल रहा था, जिसको पकड़ने हेतु पूर्व में भी थाना मोहन बड़ोदिया पुलिस द्वारा उसके घर ग्राम देवरी मुल्ला व उसके रिश्तेदारों में कई बार दबिश दी गई. किन्तु उक्त वारंटी हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था, जो अब पुलिस की गिरफ्त में है.

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**शाजापुर, 6 अगस्त.** शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त 2025 से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं. अभियान में निर्धारित तिथियों में विविध गतिविधियां आयोजित की जाएगी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के संबंध में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किए जाने के लिए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष टैगोर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा. प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएं आयोजित की जाएंगी.